पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-18

सोमवार, दिनांक-19 मार्च, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2059 भवन निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री राजकुमार राय

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(iv) श्री बीरेन्द्र सिंह

(v) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vi) डा० रणविजय कुमार

(vii) श्री अशोक कुमार सिंह

(viii) श्री चित्तरंजन कुमार

(ix) श्रीमती मुन्नी देवी

(x) श्री राजेश्वर राज

(xi) श्री रामधनी सिंह

(xii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

(xiii) श्री प्रेमरंजन पटेल

(xiv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(xv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) श्री कौशल यादव एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित दिनांक 14.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 20.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 15.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री तौसीफ आलम एवं अन्य सभासदों का वित्त (सांख्यिक) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा सरकार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य डॉ० अब्दुल गफूर एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 26.03.2012 के लिए स्थगित हुआ ।

[5] **सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-**

माननीय सभापति लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 482वाँ प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.45 बजे अप० तक ।

[6] **वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग :-

विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्रीमती सुखदा पाण्डे द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री कृष्णनन्दन यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री तारकिशोर प्रसाद

(iii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(iv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(v) डा० दाऊद अली

(vi) श्री विनोद नारायण झा

(vii) डा० मो० जावेद

(viii) श्री रणविजय कुमार

(ix) श्री बैद्यनाथ सहनी

(x) श्री राणा गंगेश्वर सिंह

(xi) श्री दिनेश कुमार सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात शेष अनुदान की मांग बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] **विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार विनियोग विधेयक, 2012 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

इसपर माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना पक्ष रखा गया । इस पर माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग द्वारा भी पक्ष रखा गया । माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[8] **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 34 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 20.03.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-19.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।